उदयपुर सौर वेधशाला
भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला
उदयपुर–313001
हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम
(26 सितम्बर, 2019)

उदयपुर सौर वेधशाला, भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला में हिंदी पखवाड़ा (14 से 28 सितम्बर, 2019) के अन्तर्गत 26 सितम्बर, 2019 को एक समारोह का आयोजन किया गया तथा इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न हुए।

26 सितम्बर को दोपहर 2:00 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ सुश्री बैरेड्डी रम्या, सुश्री अनिशा कुल्हरी, सुश्री मोनिका नटवेश, श्री रणदीप सरकार एवं श्री कुशाग्र उपाध्याय के ईश वन्दना से हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य संबोधन प्रो. नन्दिता श्रीवास्तव, उप–प्रमुख (प्रशासन) के द्वारा हुआ। प्रो. नन्दिता श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि हम भारत के नागरिक है और हिंदी हमारी मातृभाषा है, अतः हमें हिंदी बोलने में शर्म महसूस नहीं करनी चाहिए। मानाकि आज के दौर में अंग्रेजी का प्रचलन अत्यधिक है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हमें हिंदी बोलने में गर्व महसूस नहीं हो। इसी के साथ प्रो. नन्दिता श्रीवास्तव ने अपनी किसी यात्रा के दौरान एक घटना का भी उदाहरण देते हुए हिंदी भाषा का महत्व बताया और उनका पूरा संबोधन हिंदी भाषा का अधिकाधिक प्रयोग करने पर था।

इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए **''आशुभाषण प्रतियोगिता''** का आयोजन किया गया जिसमें कुल 11 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का संचालन डॉ. ब्रजेश कुमार द्वारा किया गया। इसके उपरान्त काव्य पाठ का आयोजन किया गया, जिसका संचालन डॉ. भुवन जोशी द्वारा किया गया। इसमें केवल वेधशाला के परिवार के सदस्यों का भाग लेना ही तय हुआ था, जिसमें 8 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके पश्चात् **''मेरा कार्य प्रतियोगिता''** का आयोजन किया गया, जिसमें 11 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में वेधशाला के वैज्ञानिक/अभियंता/शोधार्थी एवं अन्य सदस्यों ने उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यो को संक्षिप्त में सरल शब्दों में बताया। इस प्रतियोगिता का संचालन डॉ. गिरजेश गुप्ता ने किया। तत्पश्चात् शब्द प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों ने भाग लिया एवं इसका संचालन डॉ. ब्रजेश कुमार एवं डॉ. रोहन लुईस द्वारा किया गया। अन्त में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रो. नन्दिता श्रीवास्तव, प्रो. षिबु के मैथ्यु एवं श्री राजू कोशी द्वारा पुरस्कारों का वितरण किया गया।

डॉ. भुवन जोशी एवं डॉ. ब्रजेश कुमार द्वारा भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला के विक्रम पत्रिका का उल्लेख किया गया एवं वेधशाला सदस्यों और उनके परिवार के सदस्यों से अधिकाधिक हिन्दी में रचनाएं प्रकाशित करवाने का आग्रह किया गया।

मंच संचालन श्री राकेश कुमार जारोली के द्वारा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. ब्रजेश कुमार द्वारा किया गया।

उदयपुर सौर वेधशाला में हिंदी पखवाड़ा (14 सितम्बर से 28 सितम्बर) के अन्तर्गत 26 सितम्बर 2019 को होने वाले प्रतियोगिताओं की रूपरेखा निम्नलिखित थी:

आशुभाषण प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के नामः

क्र. सं.	नाम
1	श्री नरेश जैन
2	श्री कुशाग्र उपाध्याय
3	श्री राकेश जारोली
4	श्री हर्ष चोपड़ा
5	सुश्री अनिशा कुल्हरी
6	श्री नवीनचन्द्र जोशी
7	सुश्री हेमा
8	श्री दशरथ प्रजापत
9	सुश्री कमलेश बोरा
10	श्री सुदर्शन जैन
11	श्री अबरार अली

निर्णायक :– डॉ. भुवन जोशी एवं श्री राजू कोशी

प्रथम पुरस्कारः श्री नरेश जैन एवं श्री नवीन जोशी
द्वितीय पुरस्कारः श्री कुशाग्र उपाध्याय एवं सुश्री कमलेश बोरा
तृतीय पुरस्कारः श्री सुदर्शन जैन

मेरा कार्य प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के नामः

क्र. सं.	नाम
1	श्री नरेश जैन
2	श्री कुशाग्र उपाध्याय
3	सुश्री अनिशा कुल्हरी
4	श्री नवीनचन्द्र जोशी
5	सुश्री हेमा
6	श्री रणदीप सरकार
7	श्री अबरार अली
8	श्री दशरथ प्रजापत
9	श्री हिरदेश कुमार
10	श्री सुदर्शन जैन
11	सुश्री कमलेश बोरा

निर्णायक :– प्रो. नन्दिता श्रीवास्तव एवं प्रो. षिबू के. मैथ्यू

प्रथम पुरस्कारः श्री रणदीप सरकार
द्वितीय पुरस्कारः सुश्री अनिशा कुल्हरी
तृतीय पुरस्कारः सुश्री हेमा

भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला के अहमदाबाद स्थित मुख्य परिसर में हिंदी पखवाड़ा समारोह (13 – 30 सितम्बर) के अन्तर्गत होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं, जैसे– ऑनलाईन हिन्दी टाइपिंग प्रतियोगिता, डॉ. विक्रम साराभाई ज्ञान विज्ञान प्रतियोगिता, वाद–विवाद प्रतियोगिता, आशुभाषण प्रतियोगिता, हिंदी निबंध प्रतियोगिता एवं कविता पाठ में उदयपुर सौर वेधशाला से कई प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें से कई प्रतिभागियों ने पुरस्कार भी प्राप्त किए जिसका विवरण निम्नप्रकार हैः

1. वाद–विवाद : पक्ष में– तृतीय स्थान– श्री कुशाग्र उपाध्याय
   विपक्ष में– द्वितीय स्थान– सुश्री कमलेश बोरा

2. आशुभाषण : तृतीय स्थान– श्री हर्ष चोपड़ा
3. निबंधः प्रथम स्थान – श्री कुशाग्र उपाध्याय
4. कविता पाठः तृतीय स्थान– सुश्री हेमा

इस अवसर पर उदयपुर सौर वेधशाला के पुस्तकालय में दिनांक 23 से 25 सितम्बर, 2019 के बीच हिंदी की कुछ प्रचलित पुस्तकों जैसे– महान व्यक्तियों की जीवनी, कहानियाँ, हिंदी पत्रिकाएं, रोचक तथ्य पुस्तकों और सन्दर्भ पुस्तकों की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया।